RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-254 | अम्बिकापुर, सोमवार, 25 मार्च 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाता वन परिक्षेत्राधिकारी

## कैम्पा मद में करोड़ो के कार्य पर कोई जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं परिक्षेत्राधिकारी के पास?




**रायगढ़ ।** जिले के तमनार वनमंडलाधिकारी द्वारा सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आपको बता दे कि राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश सचिव श्री कार्तिक राम पोर्ते द्वारा तमनार वनमंडल अंतर्गत कैम्पा मद से करवाये गए कार्यो व सोसल ऑडिट से संबंधित जानकारी समयसीमा में उपलब्ध करवाने हेतु आवेदन लगाया गया था पर हद तो तब हो गयी।

### कैम्पा मद के सोसल ऑडिट के लिए बनाई गयी प्रणाली

सोशल आडिट कराने यह है प्रावधान

- ग्राम सभा की बैठक लेकर जानकारी देना व 3 सदस्यों का चयन।
- कार्य की लागत, मापदंड, मजदूरी भुगतान की दर पढ़कर सुनाना।
- मजदूरी भुगतान की जानकारी महत्वपूर्ण स्थलों पर चस्पा करना।
- मजदूरों का नाम व भुगतान ग्राम सभा में पढ़कर सुनाना।
- पूर्ण किए गए कार्यों की मात्रा व मानकों का परीक्षण कराना।
- सरपंच ग्रामसभा लेकर मूल्यांकन प्रतिवेदन डीएफओ को प्रस्तुत करें।
- परियोजना के लिए प्रोजेक्ट अधिकारी की नियुक्ति डीएफओ करेंगे, डिप्टी रेंजर या परिसर रक्षक के साथ ही अलग से अधिकारी भी हो सकता है।

### सूचना के अधिकार के तहत प्राप्य जानकरी

जब जन सूचना अधिकारी व वन मंडलाधिकारी तमनार द्वारा यह पत्र प्राप्त हुआ कि (आपके संदर्भित आवेदन में रेंज तमनार अन्तर्गत कैम्पा मद में 1 अप्रैल 2019 स 29 फरवरी 2024 तक कराए गए समस्त कार्यों की विस्तृत जानकारी (ग्राम पंचायत ग्राम कार्य शुरू करने की तारीख- फार्य में लागत) की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करें, लेख किया है। आपके आवेदन में चाही गई दस्तावेज इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है तथा उसे सृजन किये जाने की आवश्यकता होगी।) व सोशल ऑडिट को लेकर यह लिखा गया कि- (संदर्भित आवेदन में रेंज तमनार अन्तर्गत कैम्पा मद में 2019 से 2023 तक कैम्पा मद में हुए कार्यों की सामाजिक अंकेक्षण दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति चाही गई है। आपके आवेदन में चाही गई दस्तावेज इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।)


### आखिर क्या है कैम्पा मद

वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत जारी दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1 (द्व) के अनुसार, गैर-वन उपयोग के लिए वन भूमि के मोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी देते समय प्रतिपूरक वनीकरण केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सबसे महत्वपूर्ण शर्तों में से एक है। यह आवश्यक है कि ऐसे सभी प्रस्तावों के लिए प्रतिपूरक वनरोपण (सीए) के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाए और भारत सरकार को प्रस्तुत की जाए।


### कैसे करना होता है कैम्पा मद का सोसल ऑडिट

मनरेगा की तरह कैंपा मद से राजस्व जमीन पर काम कराने पर सोशल आडिट का प्रावधान है। इसके लिए पंचायतों में समिति बनाने के साथ ही योजना की जानकारी देने का प्रावधान है। कैंपा (वनारोपण निधि प्रबंधन व योजना प्राधिकरण) के तहत क्षतिपूरक वनीकरण, जलग्रहण प्रबंधन क्षेत्र का उपचार, वन्य जीव प्रबंधन, वनों में आग लगने से रोकने के उपाय, वन में मृदा व आर्द्रता संरक्षण के कार्य कराए जाते हैं। इसके तहत नालों में स्टापडेम, बोल्डर चेक डेम, तालाब का निर्माण, पौधरोपण, फेंसिंग समेत अन्य कार्य होते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में टी.एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ और अन्य [रिट याचिका (सिविल) संख्या 202 ऑफ़ 1995], दिनांक 30 अक्टूबर, 2002, ने देखा कि एक प्रतिपूरक वनीकरण कोष बनाया जाना चाहिए जिसमें प्रतिपूरक वनीकरण के लिए उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त सभी धन, अतिरिक्त प्रतिपूरक वनरोपण, दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण, व्यपवर्तित वन भूमि या जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना का शुद्ध वर्तमान मूल्य जमा किया जाएगा; सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि कृत्रिम पुनर्जनन (वृक्षारोपण) के अलावा, निधि का उपयोग सहायक प्राकृतिक पुनर्जनन, वनों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास, वन्यजीव संरक्षण और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए भी किया जाएगा और प्रभावी और उचित सुनिश्चित करने के लिए प्रतिपूरक वनीकरण कोष के माध्यम से लागू किया जाएगा। धन का उपयोग;प्रतिपूरक वनरोपण वन भूमि से मूर्त और अमूर्त लाभों के नुकसान की भरपाई करने के लिए था, जिसे गैर-वन उपयोग के लिए मोड़ दिया गया था। इस तरह की निधियों का उपयोग प्राकृतिक सहायता प्राप्त पुनर्जनन, वन प्रबंधन, संरक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास, वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन, लकड़ी की आपूर्ति और अन्य वन उपज बचत उपकरणों और अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए किया जाना था। कोर्ट ने कहा कि यह फंड संघ, राज्यों के सामान्य राजस्व या भारत की संचित निधि का हिस्सा नहीं होगा।पर्यावरण और वन मंत्रालय (एमओईएफ) ने प्रतिपूरक वनरोपण निधि के प्रबंधन के लिए अप्रैल, 2004 में प्रतिपूरक वनरोपण प्रबंधन निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (ष्ट्रस्क्क) को अधिसूचित किया।भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने मई 2006 में देखा कि कैम्पा अभी भी चालू नहीं हुआ था और कैम्पा के चालू होने तक एक तदर्थ निकाय (जिसे 'तदर्थ कैम्पा' के रूप में जाना जाता है) के गठन का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने तदर्थ प्राधिकरण के पास पड़ी निधियों के उपयोग के लिए राज्य प्राधिकरण के विषय पर दिनांक 2 जुलाई, 2009 के दिशानिर्देश तैयार किए।



### होली की शुभकामनाएं

सभी सुधि पाठकों, विज्ञापन दाताओं, वितरकों व शहर वासियों को रंगों का त्यौहार हार्दिक होली की शुभकामनाएं।

### अवकाश सूचना

होली त्यौहार के अवसर पर भारत सम्मान कार्यालय में 25 व 26 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगला अंक 28 मार्च को प्रकाशित होगा ।

– प्रधान संपादक

# विधायक रायमूनी भगत के नेतृत्व में आयोजित होगा होली मिलन समारोह

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### टिकटगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में होगा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**भारत सम्मान/जशपुर/बिपिन सिंह।** होली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जशपुर के टिकटगंज पहुंचेंगे,यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देंगे।कार्यक्रम को लेकर सभी व्यापक तैयारियां आयोजन स्थल टिकटगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में पूर्ण भी कर ली गई है। ज्ञात हो कि जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन जशपुर के टिकटगंज में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में जिला कार्यसमिति,मंडल कार्यसमिति,शक्ति केंद्र और बूथ के समस्त कार्यकर्ता जिले भर से शामिल होंगे। होली मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल पर सभी व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुवे जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य



आतिथ्य में दिनांक 24/03/24 दिन रविवार को जशपुर की पावन धरा पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निर्धारित समय 2 बजे पुलिस ग्राउंड स्थित हैलीपेड पहुंचेंगे,जहां से टिकटगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे मुख्यमंत्री सभी कार्यकर्तो और पदाधिकारियों को होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुवे राज्य के खुशहाली,शांति व विकास की कामना करेंगे।आयोजन स्थल पर सभी व्यापक तैयारियां पूर्ण

जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने बताया कि आयोजन को लेकर टिकटगंज के करमटोली स्थित सरना निवास में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।होली मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह भी देखा जा रहा है। वहीं सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को होली मिलन समारोह में शामिल होने आमंत्रण भेजा गया है।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### बददिमाग यात्रियों पर सख्ती जरूरी

पिछले लगभग ढ़ाई दशकों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जिस एक संसाधन से सबसे ज्यादा विकसित व संपन्न हुई है, वह है दिल्ली मेट्रो। अपनी शुरुआत से ही यह अपनी खूबियों की वजह से न सिर्फ लोकप्रिय हुई बल्कि बहुत सारे कीर्तिमान भी स्थापित किए। आज मेट्रो का विस्तार न केवल दिल्ली वरन दिल्ली से लगे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम,फरीदाबाद तक हो चुका है। दिल्ली मेट्रो आए दिन चर्चा का विषय बनती रहती है कभी रिकॉर्ड यात्रियों द्वारा मेट्रो में सफर के लिए तो कभी दिल्ली मेट्रो में यात्रियों द्वारा तरह-तरह की गतिविधियों के लिए। पिछले कुछ वर्षों में जब से रील कल्चर पापुलर हुआ है दिल्ली मेट्रो रील बनाने वालों का भी एक प्रमुख अड्डा बन गया है। सिंगिंग, डांसिंग से लेकर प्रैंक वीडियो तक दिल्ली मेट्रो में बिना परमिशन के शूट किए जाते रहे हैं और तमाम नियम-अधिनियम और कानूनों के बावजूद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इन्हें रोकने में असफल साबित हुआ है। आए दिन दिल्ली मेट्रो में अश्लील हरकतें करते हुए कपल के वीडियो वायरल होते रहे हैं, तो कभी गाली-गलौज करते हुए कुछ यात्री। डीएमआरसी के अनुसार दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लाखों यात्री सफर करते हैं ऐसे में सभी पर नजर रख पाना संभव नहीं है, इसलिए यात्रियों से अपील है कि अगर वे आस-पास किसी को अश्लील हरकत करते हुए देखते हैं तो तुरंत मेट्रो ट्रेन के कोच में लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर ट्रेन ऑपरेटर को भी इसकी सूचना दे सकते हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 294 कहती है कि व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर न तो अश्लील कार्य कर सकता है न ही कोई अश्लील गाने बजा सकता है न इस तरह की कोई हरकत कर सकता है, जिससे दूसरे लोग प्रभावित हों। ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसको तीन महीने की सजा अथवा जुर्माना या फिर दोनो हो सकता है। हालांकि इस कानून में अश्लीलता को परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु कोई भी ऐसा कार्य जिसे देखकर लोग असहज महसूस करें तो वह अश्लीलता की ही श्रेणी में आता है। अश्लीलता को परिभाषित करना अपने आप में एक जटिल कार्य है, फिर भी सार्वजनिक जगहों पर नितांत निजी क्रियाओं को अश्लील कहा जा सकता है। दिल्ली मेट्रो अधिनियम की धारा 59 के तहत यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अगर मेट्रो के अंदर किसी प्रकार की अभद्रता या अश्लीलता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उसे मेट्रो से तुरंत उतारकर उस पर जुर्माने के रूप में 500 रु पए दंड का भी प्रावधान है। वैसे ये नियम तब लागू होता है जब व्यक्ति नशे की हालत में हो या उसने किसी के साथ अभद्रता की हो। दिल्ली मेट्रो में आए दिन महिला सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं कभी महिला यात्रियों से छेड़-छाड़ तो कभी उनके साथ अभद्रता की खबरें आती रहीं हैं। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हां दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रील बनाने जैसे कायरे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है और ऐसा करते हुए पाए जाने पर उनके विरु द्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। फिर भी आए दिन चलती हुई मेट्रो में कभी तरह-तरह के स्टंट करते हुए युवा रील बना रहे हैं तो कभी अन्य सहयात्रियों की असुविधा का ध्यान रखे बिना प्रेम या चुंबन जैसे निजी क्रिया को सार्वजनिक दिखावा करते हुए पाए जा रहे हैं। ऐसा कई बार इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के लिए भी किया जाता है। अभी पिछले दिनों दो महिलाओं की मेट्रो में हुई लड़ाई का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों एक-दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां दे रही हैं। क्या इस तरह की घटनाओं से बाकी सहयात्री प्रभावित नहीं होते? क्या बच्चों/युवाओं पर ऐसी घटना का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता? आए दिन मेट्रो में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, ग्रुप बनाकर चोरी करने वाले गिरोह (महिला/पुरु ष दोनों) ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, पर इसे भी दुर्भाग्य से रोका नहीं जा पा रहा। क्या डीएमआरसी को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं करना चाहिए? क्या ऐसे लोगों की आगे कुछ समय के लिए मेट्रो की यात्रा करने पर रोक नहीं लगा देना चाहिए? हवाई यात्राओं में कोई यात्री र्दुव्?यवहार करता पाया जाता है और ऐसा बार-बार करता है तो उसको जैसे भविष्य में कुछ माह/साल के लिए यात्रा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है वैसे ही मेट्रो की यात्रा के लिए भी किया जाना वक्त की मांग है। ऐसे कृत्य के लिए फिलहाल दंड या जुर्माने का प्रावधान नाकाफी है। यात्रियों की बेहतरी, सुरक्षा और निजता की रक्षा के लिए डीएमआरसी को अपने प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए। निश्चित तौर पर इन सुधारों से दिल्ली मेट्रो दुनिया की सबसे बड़ी लाइन, सर्वाधिक यात्रियों के साथ सबसे बेहतर और सुरक्षित सुविधा वाली सेवा साबित होगी।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग फैलती गई, बाजू की वेल्डिंग दुकान का फटा सिलेंडर



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में एक ट्रेडर्स दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों का समान जलकर खाक हो गया।तक़रीबन 3 घंटे तक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग फैलने की वजह से एक वेल्डिंग दुकान का सिलेंडर फट गया जिससे लोग बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रात्रि 2~50 बजे गणेश ट्रेडर्स एवं हार्डवेयर दुकान तथा गुप्ता गैस वेल्डिंग दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही तत्काल फायर स्टेशन अमेरा बलौदा बाजार से फायर कर्मीय 1 मिडियम फायर टेंडर और 1 मिडियम फोम फायर टेंडर के साथ आगजनी स्थल पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। लगातार तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसी दौरान ट्रेडर्स दुकान में लगी आग ने बाजू की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

### देर रात लगी आग की वजह शार्ट सर्किट

दुकानदार रोज की तरह रात्रि में दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि करीब 2.50 बजे आस–पास के लोगों ने दुकान से आग की लपटें निकलते हुई दिखाई दी। जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आग जनी की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। उसके बाद दुकान मालिक को सभी लोग तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर आग को काबू में करने प्रयास किया। वहीं फायर ब्रिगेड के जवानों की सूझबूझ से आग और नही फैली और दो ही दुकान तक सिमट कर रह गई। नहीं तो जिस दुकान में आग लगी वहा लाइन से बड़ी–बड़ी दुकानें है. पुलिस ने कहा कि, नुकसान का सही आकड़ा दुकान का मालिक ही बता पाएगा।

### वेल्डिंग दुकान में फटा सिलेंडर

आग लगने से वेल्डिंग दुकान में रखा गैस वेल्डिंग के सिलेंडर में विस्फोट हो गया। फायर ब्रिगेड के जवानों की सूझबूझ से कोई जन हानि नहीं हुई। लेकिन इस जोरदार धमाके ने पूरी बिलंडिग को हिला दिया गया। फायर कर्मियों द्वारा 3 घंटे के अथक प्रयास और सुझबुझ से 2 फायर ब्रिगेड वाहनों से 9 ट्रीप पानी तथा 60 लीटर फोम का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया गया। वही आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# वन विभाग ने बार नवापारा क्षेत्र में शिकारी सहित गोला बम, पैंगोलिन खाल किया जब्त

**कसडोल।** बलौदाबाजार वन मंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को संदिग्ध शिकार के मामले में देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसकी विधिवत कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने पूरे प्रकरण में चार आरोपितों को गिरफ्तार कोट में पेश किया। विभाग की माने तो बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल विकास खंड अंतर्गत आने वाले बार नवापारा अभ्यारण और वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ का विचरण विगत चार मार्च से देखा गया है।

इसके बाद से विभाग की ओर से सतत गश्त और निगरानी की जा रही है । इसी दौरान 21 मार्च गुरुवार को रात में 1~47 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति की फ़ोटो शिकार के उद्देश्य से ट्रैप कैमरे के माध्यम से विभाग को प्राप्त हुई द्य कैमरा अनुसार व्यक्ति पांच कुत्ते और औज़ार लेकर जंगल में विचरण करते देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान रवान पंचायत के कौवाबहरा गांव निवासी आरोपित लोचन ठाकुर (27) के रूप में की गई। वन विभाग की कड़ाई से पूछताछ और तलाशी के बाद आरोपित ने पूरे प्रकरण में तीन अन्य लोगों



का नाम बताया।

वन विभाग की ओर से शनिवार को लोचन ठाकुर के घर में छापामार कार्रवाई करने पर पांच नग गोला बम, पैंगोलिन खाल, 10 नग साही आंत, जंगली सूअर का मांस एक किलो ग्राम, जंगली सूअर का पांच दांत और एक जबड़ा मिला । इसे विभाग ने जब्त कर लिया है । आरोपित लोचन ठाकुर से पूछताछ के दौरान ॠषि ठाकुर (35) शिव ठाकुर (33) महासिंग ठाकुर (60) की भी संलिप्तता पाई गई है । गौरतलब है कि ग्राम कौवाबहरा वन विकास निगम का क्षेत्र है । जिसमें लगातार बाघ सुरक्षा में लगे निरीक्षण टीम वन विभाग बलौदारबाजार द्वारा कार्रवाई की गई है।

# लाभाडी में फैला डायरिया, पीड़ितों की संख्या पहुंची 85 पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लभांडी इलाके में डायरिया का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है। रायपुर के लभांडी इलाके की संकल्प सोसायटी में डायरिया महामारी की तरह फ़ैल रहा है। लभांडी इलाके में लगातार डायरिया के मरीज मील रहे हैं। छोटे बच्चे, गर्भवती महिलों समेत बड़ी संख्या में बुजुर्ग डायरिया की चपेट में आ गए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मरीजों से मिलने के लिए रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हाल चाल जाना। मिली जानकारी के अनुसार, लभांडी के संकल्प सोसायटी में डायरिया महामारी की तरह फ़ैल रहा है। तीनों दिनों में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़कर 85 से ज्यादा हो गई है। छोटे बच्चे, गर्भवती महिलों समेत बड़ी संख्या में बुजुर्ग डायरिया की चपेट में आ गए हैं। देर रात भी डायरिया से ग्रसित 8 लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं सोसायटी में लगातार फ़ैल रहे डायरिया से नाराज लोगों ने एक साथ कॉलोनी छोड़ने की बात कही है। दूसरी तरफ रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू डायरिया से ग्रसित मरीजों से मिलने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हाल चाल जाना। लोगों ने विधायक के सामने भी नाराजगी जाहिर की है।




# 5 साल से खोई कौशिल्या बाई अब होंगे परिवार के बीच , होली पर्व में मिली परिवार को बड़ा तोहफा, परिवार में खुशी की लहर

**बिलाईगढ़।** झुमरपाली के खूँटे परिवार की होली किसी महापर्व से कम नहीं हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहें हैं.. क्योंकि 5 वर्ष पहले कौशिल्या बाई खूँटे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी, जिसके बाद घर-परिवार के लोग उन्हें अपने रिस्तेदरों व आसपास के शहरी और ग्रामीण ईलाके से खोज बिन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला, घर परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण बड़े शहरों तक खोजबीन नहीं कर सका। कुछ साल पहले जम्मू काश्मीर से उनको पता चला कि कौशिल्या बाई सही सलामत और सुरक्षित है। जिसके बाद उनके बड़े बेटे उन्हें लेने पहुँचे लेकिन कौशिल्या अपनी मानसिक स्थिति के चलते बेटे से मुलाकात किये बगैर फिर कहीं चली गई। तब से लेकर अब तक वह गुमसुदा थी। ऐसे में आज फिर पाँच साल बाद होली पर्व के मौके पर हरयाणा यमुनानगर क्राईम ब्रांच इंचार्ज जगजीत सिंग ने परिवार को दोहरा खुशी दे दी हैं। इंचार्ज जगजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पत्रकार राजू निराला व सतीश रात्रे से जैसे-तैसे कर संपर्क किया और बातचीत की । उन्होंने झुमरपाली से खोई कौशिल्या बाई खूँटे पति स्वर्गीय मोती राम खूँटे के बारे में जानकारी दी और उनके परिवार से बातचीत कराने कहा। जिसके बाद पत्रकार राजू निराला बिना देर किये उनके बेटे पन्ना लाल से कराया और जानकारी दी। पन्ना लाल अपनी माँ को सही सलामत और सुरक्षित होने की खबर सुन गदगद हो गया। पन्ना लाल तत्काल पत्रकार के जरिये हरियाणा क्राईम ब्रांच इंचार्च जगजीत सिंह से बातचित की और अपने मां के सम्बंध में पूरी जानकारी दी। पन्ना लाल ने जगजीत सिंह को बताया कि उनकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसके चलते पिछले पाँच साल से माँ को ढूंढ रहे थे



उनके माँ अचानक बिना बताए घर से चला गया था।

वहीं जगजीत सिंह ने पन्ना लाल से बातचीत करके बताया कि हरियाणा सिरसा के कन्हैया आश्रम में कौशिल्या बाई सुरक्षित और स्वस्थ्य है उन्हें आ कर ले जाए। पन्ना लाल अपने माँ को बात -चित कीया और उनका हाल चाल जाना, मां ने भी पन्ना को लाल को बात की और ठीक होने की जानकारी देते हुये उसे घर ले जाने कहा। इधर पन्ना जल्द ही उन्हें घर ले आने का आश्वासन दिया। पन्ना लाल ने तत्काल बड़े भाई लक्ष्मीनारायण उर्फ भीम को माँ की जानकारी दी और बताए आश्रम से उन्हें ले आने कहा । अब जल्द ही खूँटे परिवार की खोई हुई माँ जल्द परिवार के बीच होंगे। परिवार को खुशी इस बात की है कि जब कौशिल्या घर गई थी तब उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी अब उनके हालात सुधर गये है और वो नॉर्मल है। परिवार के लोग अब हरियाणा क्राईम ब्रांच के जगजीत सिंह सहित उनके डिपार्टमेंट व कन्हैया आश्रम परिवार सहित पत्रकारों को धन्यवाद देते हुये दोहरा खुशी देने का आभार जताया हैं। अब जल्द ही परिवार के सदस्य उन्हें लेने आश्रम पहुँचेंगे।

# लीज खदान के आड़ पर चल रहे अवैध डोलोमाइट पत्थर खदानें

## नवगठित जिले में खनिज तस्करों पर नहीं हो पा रही कार्रवाई, जिले में खनिज अमले की पदस्थापना के बाद भी शून्य

**बरमकेला/साल्हेओना।** नवगठित जिले के राजस्व क्षेत्र सरिया के अंतर्गत कटंगपाली - साल्हेओना क्षेत्र में डोलोमाइट जैसे कीमती खनिज संपदा की दोहन करके उसकी तस्करी करने वालों पर खनिज व राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। बीते साल खनिज अमले की कमी बताया जा रहा था लेकिन इस बार सारंगढ़ - बिलाईगढ जिले के लिए अलग से पदस्थापना कर दी गई है। किंतु जांच कार्रवाई के लिए अफसर सुस्ती दिखा रहे है।

इस क्षेत्र को डोलोमाइट पत्थर के अवैध खदानों के लिए जाना जाता है। अवैध खदानों को बढ़ावा साल्हेओना, कटंगपाली, बोंदा व जोतपुर में संचालित क्रशर उद्योग है। कुछेक क्रशर उद्योग नाम मात्र की लीज में डोलोमाइट पत्थर खदान खोल रखें है। इन्हीं खदानों के आड़ में डोलोमाइट पत्थर की तस्करी का खेल चल रहा है। जिस पर लगाम लगाने के लिए कोशिश नहीं की जा रही है। खनिज व राजस्व विभाग के आला अधिकारी सुस्त पड़ गए हैं। पिछले साल जिला गठन के बाद इन पर कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी दी गई थी। किंतु खनिज विभाग की पदस्थापना नहीं होने का हवाला देते रहे। अब खनिज अमले की तैनाती हो गई है । लेकिन कोई खास कार्रवाई न होना समझ से परे है और कार्रवाई की मांग होने लगी है। खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं हो सका। जबकि एक माह पहले उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही थी । परंतु अब तक कार्रवाई शून्य है ।



### मेन रोड किनारे पर संचालित है क्रशर

साल्हेओना क्षेत्र में दो - तीन क्रशर संस्थान ऐसे है जो मेन रोड किनारे पर चलाया जा रहा है। सालासर इंटरप्राइजेज मिनरल्स साल्हेओना, जय माता दी ग्रामोद्योग साल्हेओना, ओम मिनरल्स साल्हेओना आदि है जो सारे नियमों को ताक पर रखकर संचालित किया जा रहा है। मेन रोड पर पानी का छिडकाव नहीं होने से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

### छुहीपाली पहुंच मार्ग से लगा खदान

शुभ मिनरल्स कटंगपाली- बिलाईगढ का एक लीज खदान ग्राम छुहीपाली के पहुंच मार्ग से लगाकर खोल दिया गया है। इस खदान को लीज एरिया से बाहर अधिक खोदकर खोखला किया जा रहा है और पहुंच मार्ग तक खदान छूने को है। फिर भी प्रशासन की नजर नहीं है।

## नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी

**रायपुर।** नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कुमार 38 वर्ष दोंदेखुर्द विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी दोंदेखुर्द में श्री सांई ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है आरोपी विशाल कुमार सोनी ने प्रार्थी के दुकान में आकर मुझे जमीन खरीदने के लिए पैसे की आवश्यकता है कहकर अपने पास रखे नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर गिरवी रख दिया और ढाई लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज जांच में लिया है।

## 5 ड्रम डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** ग्राम टेकारी में 5 ड्रम डीजल के साथ एक अधेड़ को विधानसभा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेकारी में एक व्यक्ति अवैध रूप से डीजल रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी महेन्द्र साव 56 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5 ड्रमों में रखे 1000 लीटर डीजल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा और अभनपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित 4 नग मोबाइल, 1 टेबलेट, टीवी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संतोषी नगर शकुन बग्गा बार में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते आरोपी ईशान डेगवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी अटल आवास में दबिश देकर आरोपी अंकित मंडल 30 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 नग मोबाइल, एक टेबलेट, टीवी व सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

## एक ही परिवार की तीन महिलाएं एक साथ लापता

**कोरबा।** सीतामढ़ी मोतीसागर पारा में निवासरत एक ही परिवार की तीन महिलाएं एक साथ लापता हो गई। बाजार जाने के नाम घर से निकली महिलाएं देर शाम तक वापस नहीं लौटी। चिंतित स्वजनों ने मामले की सूचना में कोतवाली पुलिस को देते हुए बताया कि तीनों दो लाख नगद व तीन लाख रूपये कीमत का सोना- चांदी के आभूषण पहन कर घर से निकली हैं। तारा सारथी ने पुलिस को बताया कि उसकी दो बहू नीरा सारथी व ज्योति सारथी अपनी बहन रजनी के साथ बाजार जाने के लिए 17 मार्च को निकलीं थी। उसके बाद तीनों घर नहीं लौटी। जबकि उन्होंने छह माह की मासूम बच्ची समेत पांच बच्चों को घर पर छोड़ दिया है। शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तारा सारथी का कहना है कि उन तीनों के बारे में जानकारी देने वाले को 20 हजार रुपये नगद इनाम भी दिया जाएगा।

## गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास एक झोपड़ी में गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास चाय नास्ता की झोपड़ी में एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रूपेश जांगडे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## क्रेशर में एक महिला के मौत पर खनिज टीम की जांच उपरांत मित्तल स्टोन क्रेशर सील





**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** क्रेशर में एक महिला के मौत के खबर पर कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने त्वरित संज्ञान लेते हुए शनिवार को खनिज अधिकारी श्री एच डी भारद्वाज को कारवाई के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी श्री भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज अमला द्वारा बिलाईगढ क्षेत्र में स्थित मित्तल स्टोन क्रेशर प्रो. सुरेश अग्रवाल के दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छ. ग. खनिज खनन परिवहन भंडारण नियम 2009 के शर्तो और नियमों का उल्लंघन पाया गया जिसमे भंडारण स्थल में फेंसिंग तथा दीवारों का घेरा नही होना पाया गया। स्थापित क्रेशर में डस्ट सेपरेशन हेतु कवर नहीं होना पाया गया। मौका स्थल पर फर्स्ट एड बॉक्स एवम् प्राथमिक सुरक्षा उपकरण नही पाए गए। इन सभी के संबंध में मित्तल स्टोन क्रेशर प्रो. सुरेश अग्रवाल को नोटिस दिया गया तथा क्रेशर को सील कर बंद किया गया। इस संबंध में पांच दिवस भीतर जवाब प्रस्तुत नही करने पर छ. ग. खनिज खनन परिवहन भंडारण नियम 2009 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही किया जाएगा।

## सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।



मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पॉलिटेनिक कॉलेज के पास बैरनबाजार में सरेआम शराब पीते आरोपी विरेंद्र साहू 31 वर्ष व मोवा पुलिस ने आरोपी संतराम महावत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी शिवा ताण्डी 39 वर्ष, संतलाल ध्रुर्वे 42 वर्ष, धनेंद्र पटले 35 वर्ष व लेखराज निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने यदुवंशी चौक के पास आरोपी पूनाराम यदू 40 वर्ष, राजेन्द्र नरगर पुलिस ने आरोपी मुकुल धनवानी 25 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी चोवा मिरी 25 वर्ष, लकेश्वर ध्रुव 27 वर्ष, संतोष यादव 40 वर्ष, योगेश मनहरे 18 वर्ष, अरूण चतुर्वेदी 29 वर्ष व कन्हैया विश्वकर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी घनश्याम जायसवाल 32 वर्ष, उमेश निषाद 25 वर्ष, रमेश महानंद 34 वर्ष, मनोज साहू 23 वर्ष, टुकेश्वर साहू 33 वर्ष व अरविंद साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राहुल 27 वर्ष व दुर्गेश पटेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी हरेराम साहू 38 वर्ष, लोचन प्रसाद साहू 30 वर्ष, लीलदास मारकण्डे 42 वर्ष व भूपेन्द्र साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी पोषण लाल साहू 24 वर्ष, सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी निलेश्वर रहंगडाले 42 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी रोहित साहू 35 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी पवन कुमार सोनकर 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## दुकान में फटा सिलेंडर, 40 लाख का सामान खाक

**बलौदाबाजार।** शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है। हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन




पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची। जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ। रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया। वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गयी। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।


RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# एक बार फिर से विवादों के घेरे में स्वामी आत्मानंद विद्यालय

## क्या बिना जीएसटी और रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से जारी कर रहे दुकानदार फ़र्ज़ी बिल या प्राचार्य ने फर्जीवाड़े में कर रखी है पीएचडी?, सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राचार्य का रिमोट सम्हाल रहे पीटीआई साहब ?




**जशपुर।** जिले के पत्थलगांव स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में फ़र्ज़ी बिल को लेकर आज सुर्खियों में है।

कहते हैं विद्या का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षक से बड़ा कोई गुरु नहीं होता पर यदि शिक्षक ही घपले बाजी पर उतर जाए तो विद्यालय का नाश होना तय है ऐसा ही एक कारनामा निकलकर हमारे सामने आया है जिसे जान कर आप भी हैरान हो जाएंगे।

आपको बता दें की मामला जशपुर जिले के पत्थलगांव स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का है जहां की इन दिनों फर्जी बिल का तलवार स्कूल के प्रिंसिपल पर लटकता नजर आ रहा है, कहते हैं चोर कितना भी शातिर हो पर चोरी करते वक्त कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ जाता है। ऐसा ही एक कारनामा हमारे सामने आया है जिसमे की स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा कई अलगङ्कअलग बिल का भुगतान तो कर दिया गया पर बिल में तारिक का कोई भी जिक्र नहीं किया गया। आपको बता दें की स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम का ये कोई पहला मामला नहीं है यहां प्रिंसिपल के ऊपर आए दिन कोई न कोई आरोप लगते ही रहे हैं किंतु कोई बड़ी कार्यवाही का गाज इनके मत्थे नहीं गिरता मानो जानते जनाते सरकार ने प्रिंसिपल को गोद ले लिया हो। खबर प्रकाशन के बाद देखना तो अब ये होगा की क्या आवश्यकता से परे फर्जी बिल पास करने में प्रिंसिपल के ऊपर अब क्या कार्यवाही होती है।






# रेड़ा में खिलौने बेचने वाले के मकान में सेंधमारी, 75 हजार रूपये की चोरी

**सारंगढ़।** सारंगढ़ अंचल मे चोरी का सिलसिला पर अंकुश नही लग पा रहा है। शहर के समीपस्थ ग्राम रेड़ा में खिलौना बेचने वाले के घर के दिवाल मे सेंधमारी करते हुए 40 हजार रूपये के गहने और 35 हजार रूपये नगदी रकम पर अज्ञात चोर ने हाथ मार दिया। सिटी कोतवाली पुलिस सारंगढ़ ने अज्ञात चोर के खिलाफ भादवि 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सुधीर जायसवाल पिता तिजू राम उम्र 50 वर्ष निवासी रेडा का रहने वाला है। दिनांक 21.03.2024 को अपने गांव रेडा मेला में खिलौना व बर्फ का दुकान लगाने के लिये घर के सभी लोग घर में ताला बंद कर के मेला आ गये थे मेला खत्म होने के बाद रात करीब 12ञ्30 बजे घर वापस पहूंचे और ताला खोलकर अंदर घुसा तो देखा पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है फिर अपने अंदर रूम में जाकर घुसकर देखा तो पेटी का कब्जा टूटा हुआ था और पेटी में देखा तो जेवरात व नगदी पैसा नही था जिसमें सुधीर के पत्नी व बहु का रखा हुआ 5 ग्राम करनफुल, हाथ करधन 10 तोला, 07 तोला बेनीफुल, 07 तोला हाथ छल्ला, अंगुठी 02 तोला, 08 तोला बिझिया, 19 तोला चांदी साटी सभी चांदी का एवं ग्राम फुली सोना, 01 ग्राम फुली सोना का एवं 35000 नगद किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। कुन 75 हजार रूपये कुल चोरी की घटना हुई है। सिटी कोतवाली पुलिस सारंगढ़ ने अज्ञात चोर के खिलाफ भादवि 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

## हरियाणा की कुरूक्षेत्र सीट से मिला टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने लोकसभा प्रत्याशियों के पांचवी सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार कांग्रेस के पूर्व सांसद और उद्योगपति नवीन जिंदल को भाजपा ज्वाइन करते ही हरियाणा के कुरुक्षेत्र से पार्टी ने टिकट दे दिया है। बता दें कि आज रविवार, 24 मार्च को नवीन जिंदल ने ङ्ग पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेतृत्व के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का भी आभार जताया और धन्यवाद कहा है।



### कुरुक्षेत्र से 2 बार सांसद

नवीन जिंदल हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से 2 बार कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं. वह पहली बार 2004 में कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव जीते थे. 2009 में वो लगातार दूसरी बार यहीं से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे. साल 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीसरी बार कुरुक्षेत्र सीट से टिकट दिया, लेकिन इस बार वो ख्र्छ्वक्क के राजकुमार सैनी के सामने चुनाव हार गए. 2019 में भी कांग्रेस पार्टी उन्हें कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव लड़वाना चाहती थी, लेकिन नवीन जिंदल ने ऐन मौके पर इनकार कर दिया।

# नियम तोड़ने वाले 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई कर वसूले 32 हजार

**कोरबा।** बाइपास मार्ग निर्माण होने के बाद भी शहर के अंदर से भारी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है। इससे दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। शिकायत मिलने पर कटघोरा पुलिस ने भारी वाहनों के विरुद्ध अभियान चला कर जुर्माना लगाया।



लोकसभा चुनाव की आचार संहिता और होली पर्व के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। ऐसे हर मामलों में कार्रवाई की जा रही है जिससे किसी भी तरह का नुकसान हो सकता है। शांति समिति की बैठक में पुलिस ने कई पहलू सामने विचार करते हुए कार्रवाई भी शुरू कर दी है। भारी वाहनों के शहर के भीतर घुसने की जानकारी मीडिया की ओर से देने पर पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने रात्रि को चेक प्वाइंट बनाने के साथ एक्शन लिया। इस कड़ी में कई वाहनों की धरपकड़ की गई, जो नियम तोड़ते मिले। नगर निरीक्षक तिवारी ने बताया कि 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 31 हजार 900 रुपये जुर्माना किया गया। वहीं शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गए एक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत धारा 385 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि व्यापक जनहित में इस प्रकार का अभियान लगातार चलाएंगे।

# लोस चुनाव : बस्तर से कवासी लखमा के नाम पर लगी मुहर

## कांग्रेस ने 46 सीटों के लिए की प्रत्याशियों की घोषणा



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केन्द्रीय चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव-2024 के शेष सीटों पर आज अपने उम्मीदवार तय कर दिया है। कांग्रेस चुनाव समिति से जारी इस सूची में बस्तर सीट से कांग्रेस के पूर्व मंत्री कवासी लखमा को अपना प्रत्याशी बनाया है। लंबे समय से बस्तर सीट को लेकर पेंच अटका हुआ था। कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव समिति से जारी सूची में 46 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें छत्तीसगढ़ के बस्तर सीट से कवासी लखमा का नाम फायनल हो गया है। इसी तरह कांग्रेस से जारी सूची में आसाम के 1, अंडमान निकोबार के 1, जम्मू-कश्मीर के 2, मध्यप्रदेश के 12, महाराष्ट्र के 4, मणीपुर के 2, मिजोरम के 1, राजस्थान के 3, तमिलनाडू के 6, उत्तरप्रदेश के 9, उत्तराखंड के 2 तथा पश्चिम बंगाल के 1 सीट के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547